# राजस्थान आवासन मण्डल

मण्डल कार्मिकों हेतु विशिष्ट पंजीकरण योजना वर्ष 2021

मानपुर आवासीय योजना, आबू रोड़ शहर, जिला– सिरोही

(पंजीकरण योजना–2021)

मध्यम आय वर्ग 'अ' के 17, मध्यम आय वर्ग 'ब' के 28, उच्च आय वर्ग के 39 स्वतंत्र आवासों हेतु

**योजना की प्रस्तावना :–**

राजस्थान आवासन मण्डल का गठन राजस्थान सरकार द्वारा आवासन मण्डल अधिनियम – 4 वर्ष 1970 के अंतर्गत राज्य में आमजन को सुलभ आवास उपलब्ध कराने हेतु किया गया था। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु मण्डल वैज्ञानिक ढंग से आवासीय कॉलोनियों का निर्माण कर स्वच्छ, स्वस्थ एवं उत्कृष्ट पर्यावरण में सभी आय वर्गों के लिए आवास उपलब्ध कराने के लिये कार्यरत है। मण्डल द्वारा सदैव यह प्रयास रहा है कि वह ऐसे आवास बनाये जो हवादार हों, आरामदायक हों व जिनमें पानी, बिजली जैसी समस्त मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर दी गई हों। मण्डल का यह भी प्रयास रहा है कि आवासों की कीमत तर्कसंगत हो व संबंधित आय वर्ग के आवेदक की भुगतान क्षमता में हो। इसी कड़ी में मण्डल कार्मिकों की आवास समस्या के निराकरण हेतु राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आबू रोड़ में मध्यम आय वर्ग 'अ' के 17, मध्यम आय वर्ग 'ब' के 28, उच्च आय वर्ग के 39 स्वतंत्र आवासों हेतु आवेदन पत्र की बिक्री/प्राप्ति व वरियता निर्धारण का स्वतंत्र आवासों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

मानपुर आवासीय योजना का कुल क्षेत्रफल 25.60 हेक्टर है। इस आवासीय योजना में सेक्टर 4 में मध्यम आय वर्ग 'अ' के 17, मध्यम आय वर्ग 'ब' के 28, उच्च आय वर्ग के 39 लगभग 84 स्वतंत्र आवास निर्मित किये जाने प्रस्तावित है जिनका विवरण तालिका 1 के अनुसार है।

5. इस योजना में तालिका 1 में दर्शाये गये आवास हेतु आवेदक की वार्षिक आय एवं पंजीकरण राशि निम्नानुसार होगी। जिसका विवरण निम्नांकित सारणी के अनुसार है।

## तालिका नं. - 2

| क्र. सं. | आय वर्ग | वार्षिक आय (रूपये में) | पंजीकरण राशि (रूपये में) | प्रोसेसिंग फीस (रूपये में) | कुल जमा योग्य राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मध्यम आय वर्ग 'अ' | 6,00,000 से 12,00,000 तक | 50,000+5 प्रतिशत जीएसटी 52,500 | 1000+18 प्रतिशत जीएसटी 1180 | 53,680 |
| 2. | मध्यम आय वर्ग 'ब' | 12,00001 से 18,00000 तक | 80,000+5 प्रतिशत जीएसटी 84,000 | 1500+18 प्रतिशत जीएसटी 1770 | 85,770 |
| 3. | उच्च आय वर्ग | 18,00001 एवं अधिक | 1,20,000+5 प्रतिशत जीएसटी 1,26,000 | 2000+18 प्रतिशत जीएसटी 2360 | 1,28,360 |

**नोट – आवेदन शुल्क रू. 300/- + 18% GST कुल राशि 354/– कुल जमा योग्य राशि के साथ जमा करावें।**

6. अनुसूचित जाति/जनजाति के आवेदक उपरोक्तानुसार निर्धारित पंजीकरण राशि की आधी राशि जमा करा सकते हैं।

7. राजस्थान आवासन मण्डल की आवासीय योजनाओं में विभिन्न आय वर्ग के आवेदक के पंजीकरण हेतु राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा किये जाने वाले प्रशासनिक व्यय के दृष्टिगत नवीन पंजीकरण की प्रोसेसिंग फीस समस्त आय वर्ग के आवेदक हेतु तालिका के अनुसार राशि देय होगी एवं उपराक्त देय प्रोसेसिंग फीस का किसी भी आवेदक को पुर्नःभुगतान/समायोजन नहीं किया जायेगा।

8. इस योजना में कुल प्राप्त आवेदन पत्रों में से वर्गानुसार विकल्पानुसार उपलब्ध आवासों की संख्या के बराबर सफल आवेदकों की लॉटरी द्वारा वरीयता निर्धारित कर दी जायेगी। लॉटरी के बाद शेष असफल रहे आवेदकों को उनकी जमा पंजीकरण राशि (बिना ब्याज) आवेदन पत्र में अंकित बैंक खाता संख्या में लौटा दी जायेगी।

9. पंजीकरण नगद भुगतान/किराया क्रय पद्धति दोनों में कराया जा सकता है। किराया क्रय पद्धति में 156 सममासिक किश्तों में भुगतान करना होगा। किश्तों की राशि पर जीएसटी प्रथक रूप से नियमानुसार देय होगा।

10. आवास आवंटन से पूर्व आवेदको को अपने आयवर्ग के अनुसार आवास आरक्षित करने हेतु पूर्वग्रहण राशि तीन किश्तों में जमा करानी होती है। प्रथम किश्त पूर्वग्रहण

29. **राजस्थान आवासन मण्डल की आवासीय योजनाओं में विभिन्न आय वर्ग के आवेदकों के पंजीकरण हेतु राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा किये जाने वाले प्रशासनिक व्यय के दृष्टिगत नवीन पंजीकरण की प्रोसोसिंग फीस** का किसी भी आवेदक को पुर्नभुगतान / समायोजन नहीं किया जायेगा।

---

## महत्वपूर्ण बिंदु

i अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के आवेदकों को आरक्षित श्रेणी तथा पंजीकरण राशि में छूट का लाभ लेने हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

ii आवेदन पत्र में उत्तराधिकारी का मनोनयन पति/पत्नी, माता/पिता, भाई/बहिन, पुत्र/पुत्री, पौत्र/पौत्री एवं पुत्रवधु में से ही किया जा सकेगा।

iii इस योजना के अन्तर्गत पंजीकृत आवेदक अन्य योजना व शहर में स्थानान्तरण नहीं करवा सकेंगे।

iv आवास आवंटन/कब्जे के बाद आवास का रख–रखाव स्वयं आवंटी द्वारा किया जायेगा।

v योजना के तहत कोई भी न्यायिक विवाद आबू रोड़ शहर की सीमा के अन्तर्गत ही होंगे।

vi आवासन मण्डल की इस योजना में राजस्थान आवासन मण्डल के सम्पत्ति निष्पादन विनियम 1970 के प्रावधान मान्य होंगे।

vii लॉटरी से जो भी आवास आवंटित होगा उसे परिवर्तित नहीं किया जायेगा।

viii आवेदन पत्र पुस्तिका (बुकलेट) का राजस्थान आवासन मण्डल की वेबसाइट www.urban.rajasthan.gov.in/rhb पर अवलोकन किया जा सकता है।

ix योजना में एक व्यक्ति का स्वतन्त्र अथवा संयुक्त रूप से केवल एक ही आवेदन स्वीकार्य होगा।

**पंजीकरण राशि जमा कराने हेतु आवेदन क्रमांक**

**बैंक खाता संख्या :** 684205601146

IFSC : ICIC0006842

# चालान

# राजस्थान आवासन मण्डल

**कार्यालय : उप आवासन आयुक्त (वृत्त द्वितीय), सेक्टर–11**
**चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर**

मण्डल कार्मिकों हेतु विशिष्ट पंजीकरण योजना वर्ष 2021
मानपुर आवासीय योजना, आबू रोड़ शहर, जिला– सिरोही
(पंजीकरण योजना–2021)
मध्यम आय वर्ग 'अ' के 17, मध्यम आय वर्ग 'ब' के 28, उच्च आय वर्ग के 39
स्वतंत्र आवासों हेतु आवेदन पत्र

1. आवेदक/आवेदिका का नाम ________________________________

2. पत्र व्यवहार का पता ________________________________

________________________________

3. सेक्टर/कॉलोनी का नाम : सेक्टर 6, बड़ली आवासीय योजना

4. योजना का नाम : मण्डल कार्मिको हेतु विशिष्ट पंजीकरण योजना - 2021

5. बैंक अकाउंट नं.. ________________________________

IFSC कोड ________________________________

दिनांक ________________________________

6. पंजीकरण राशि (अंको में) ________________________________

(शब्दों में) ________________________________

________________________________

दिनांक :..................................

स्थान :..................................

आवेदक के हस्ताक्षर

